# NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS

## APRIL-2025

Your Path to Success

# SECTION - A / खंड - अ

**प्रश्न 1 - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना निम्नलिखित किस सन् में हुई ?**

**(A) 1889** **(B) 1858**

**(C) 1888** **(D) 1885**

**उत्तर -** (D) 1885

**प्रश्न 2 - निम्नलिखित में से किसने 1914 में होम रूल आंदोलन के लिए काम करना शुरू किया ?**

**(A) श्रीमती एनी बेसेंट** **(B) लाला लाजपत राय**

**(C) जवाहर लाल नेहरु** **(D) मुहम्मद अली जिन्ना**

**उत्तर -** (A) श्रीमती एनी बेसेंट

**प्रश्न 3 - निम्नलिखित में से किस स्थान पर गांधीजी ने किसानों को दमनकारी वृक्षारोपण प्रणाली के विरुद्ध संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया?**

**(A) गुजरात में खेड़ा** **(B) बिहार में चंपारण**

**(C) गुजरात में अहमदाबाद** **(D) दांडी**

**उत्तर -** (B) बिहार में चंपारण

**प्रश्न 4 - 'पूर्ण स्वराज' की मांग कांग्रेस के किस अधिवेशन में की गई थी?**

**(A) दिसंबर 1920 में नागपुर अधिवेशन**

**(B) 1927 में चेन्नई अधिवेशन**

**(C) सितंबर 1920 में कोलकाता अधिवेशन**

**(D) 1929 में लाहौर अधिवेशन**

**उत्तर -** (D) 1929 में लाहौर अधिवेशन

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 5 - पेशवा का संबंध निम्नलिखित युद्धों में से किससे है?**

**(A) आंग्ल-मराठा युद्ध** **(B) आंग्ल-सिख युद्ध**

**(C) आंग्ल-अवध युद्ध** **(D) आंग्ल-मैसूर युद्ध**

**उत्तर -** (A) आंग्ल-मराठा युद्ध


**प्रश्न 6 - बंगाल और बिहार में स्थायी बंदोबस्त की शुरूआत किसने की?**

**(A) लॉर्ड इरविन** **(B) रॉबर्ट ब्राउन**

**(D) लॉर्ड कॉर्नवालिस** **(D) सर थॉमस रो**

**उत्तर -** (C) लॉर्ड कॉर्नवालिस

**दिए गए मानचित्र का अध्ययन करें और प्रश्न संख्या 7 से 10 तक का उत्तर दें।**




All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 7 - मानचित्र में 'A' के रूप में चिन्हित नदी की पहचान कीजिए।**

**(A) कावेरी नदी** **(B) ब्रह्मपुत्र नदी**

**(C) लूनी नदी** **(D) गोदावरी नदी**

**उत्तर -** (B) ब्रह्मपुत्र नदी

**प्रश्न 8 - मानचित्र में 'B' के रूप में चिन्हित नदी की पहचान कीजिए।**

**(A) साबरमती नदी** **(B) ब्रह्मपुत्र नदी**

**(C) नर्मदा नदी** **(D) गोदावरी नदी**

**उत्तर -** (C) नर्मदा नदी

**प्रश्न 9 - मानचित्र में 'C' के रूप में चिन्हित नदी की पहचान कीजिए।**

**(A) कावेरी नदी** **(B) लूनी नदी**

**(C) नर्मदा नदी** **(D) गोदावरी नदी**

**उत्तर -** (D) गोदावरी नदी

**प्रश्न 10 - मानचित्र में 'D' के रूप में चिन्हित नदी की पहचान कीजिए।**

**(A) कावेरी नदी** **(B) लूनी नदी**

**(C) नर्मदा नदी** **(D) गोदावरी नदी**

**उत्तर -** (A) कावेरी नदी

**प्रश्न 11 - निम्नलिखित में से किसने 'आर्य समाज' की स्थापना की ?**

**(A) स्वामी दयानंद सरस्वती** **(B) राजा राम मोहन राय**

**(C) ईश्वर चंद्र विद्यासागर** **(D) स्वामी विवेकानंद**

**उत्तर -** (A) स्वामी दयानंद सरस्वती

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 12 - निम्नलिखित देशांतरों में से कौन सा भारत की सबसे पूर्वी सीमा है?**

**(A) 23° 25' पूर्वी देशांतर** **(B) 8° 4' पूर्वी देशांतर**

**(C) 97° 25' पूर्वी देशांतर** **(D) 37° 6' पूर्वी देशांतर**

**उत्तर -** (C) 97° 25' पूर्वी देशांतर

**प्रश्न 13 - भारत की मानक मध्याहन रेखा निम्नलिखित में से किस स्थान से होकर गुजरती है ?**

**(A) नागपुर** **(B) गुवाहाटी**

**(C) अम्बाला** **(D) मिर्जापुर**

**उत्तर -** (D) मिर्जापुर

**प्रश्न 14 - ट्रांस-हिमालय पर्वत श्रृंखलाओं का निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर से दक्षिण तक क्रम सही है?**

**(A) काराकोरम, जास्कर, लद्दाख** **(B) काराकोरम, लद्दाख, जास्कर**

**(C) लद्दाख, जास्कर, काराकोरम** **(D) जास्कर, लद्दाख, काराकोरम**

**उत्तर -** (B) काराकोरम, लद्दाख, जास्कर

**प्रश्न 15 - यमुना, घाघरा, गोमती, गंडक और कोशी निम्नलिखित नदी तंत्र में से किसकी सहायक नदियाँ हैं ?**

**(A) ब्रह्मपुत्र नदी** **(B) सिंधु नदी**

**(C) गोदावरी नदी** **(D) गंगा नदी**

**उत्तर -** (D) गंगा नदी

**प्रश्न 16 - बंगाल की खाड़ी में, आमतौर पर उष्णकटिबंधीय चक्रवात किस मौसम के दौरान आते हैं ?**

**(A) ग्रीष्म ऋतु** **(B) शीत ऋतु**

**(C) लौटते हुए मानसून ऋतु** **(D) दक्षिण-पश्चिम मानसून की ऋतु**

**उत्तर -** (C) लौटते हुए मानसून ऋतु

**प्रश्न 17 - भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में 'लोहड़ी' त्योहार मनाया जाता है?**

**(A) बिहार** **(B) पंजाब**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) केरल** **(D) गुजरात**

**उत्तर -** (B) पंजाब

**प्रश्न 18 - शिव सेना निम्नलिखित में से किस राज्य का प्रमुख राजनीतिक दल है?**

**(A) महाराष्ट्र** **(B) तमिलनाडु**

**(C) पंजाब** **(D) असम**

**उत्तर -** (A) महाराष्ट्र

**प्रश्न 19 - शहरी क्षेत्रों में एक व्यक्ति को स्वयं को गरीबी रेखा से ऊपर रखने के लिए प्रतिदिन औसतन कितनी कैलोरी की आवश्यकता होती है?**

**(A) 2400** **(B) 2300**

**(B) 2200** **(D) 2100**

**उत्तर -** (D) 2100 कैलोरी

**प्रश्न 20 - निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा अपनी वार्षिक मानव विकास रिपोर्ट तैयार करने के लिए मानव विकास सूचकांक का उपयोग किया गया है?**

**(A) विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)**

**(B) संयुक्त राष्ट्र संगठन (UNO)**

**(C) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)**

**(D) विश्व व्यापार संगठन (WTO)**

**उत्तर -** (C) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)

**प्रश्न 21 - रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(A) एनी बेसेंट 1907 में ________ सोसायटी की अध्यक्ष बनीं।**

**(B) ________ ने पुणे में 'मुक्ति मिशन' की स्थापना की, जो उन युवा विधवाओं के लिए एक आश्रय स्थल था, जिन्हें उनके परिवारों द्वारा छोड़ दिया गया था और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया था।**

**उत्तर – (A)** थियोसोफिकल , **(B)** पंडिता रमाबाई

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 22 - रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(A)** नेताजी _________ ने भारतीयों को आजादी का वादा करते हुए कहा, "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।"

**(B)** ___________ क्रांति के सूत्र वाक्य स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व ने पूरी दुनिया को प्रेरित किया। क्रांति के सूत्र वाक्य स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व ने पूरी दुनिया को प्रेरित किया।

**उत्तर - (A)** सुभाष चंद्र बोस , **(B)** फ्रांसीसी

**प्रश्न 23 - वाक्यों पर सही या गलत पर निशान लगाएँ :**

**(A)** अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम और फ्रांसीसी क्रांति ने राष्ट्रवाद की भावना को पूरी दुनिया में लोकप्रिय बना दिया।

**(B)** क्रांतिकारी कई प्रबुद्ध विचारकों और दार्शनिकों जैसे वोल्टेयर, मोंटेस्क्यू और रूसो के विचारों से प्रेरित थे।

**उत्तर - (A)** सही , **(B)** सही

**प्रश्न 24 - कॉलम 'A' का कॉलम 'B' से सही मिलान कीजिए:**

| | |
|---|---|
| (a) आर्य महिला समाज | (I) राजा राम मोहन राय |
| (b) सत्य शोधक समाज | (II) पंडिता रमाबाई |
| (c) रामकृष्ण मिशन | (III) ज्योतिबा फुले |
| (d) ब्रह्म समाज | (IV) स्वामी विवेकानंद |

**उत्तर - (a)** - (II) , **(b) -** (III) , **(c) -** (IV) , **(d)** - (I)

**प्रश्न 25 - उस नाम को पहचानें जिससे ये वाक्य संबंधित हैं :**

**(A)** वह निडर था और जर्मनी के एकीकरण की तत्काल आवश्यकता में विश्वास करता था। उनकी नीति को 'रक्त और लौह' नीति के रूप में जाना जाता है।

**(B)** वो और उनकी पत्नी, सावित्रीबाई फुले, महिलाओं और निचली जाति के साथ-साथ जनता को शिक्षित करने के अपने प्रयासों के लिए जाने जाते हैं।

**उत्तर - (A)** बिस्मार्क , **(B)** ज्योतिबा फुले

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 26 - दिए गए विकल्पों में से किसी एक की सहायता से निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए :**

**___________ क्रांति ने यूरोप की मध्ययुगीन संरचनाओं का अंत किया और उदारवाद, राष्ट्रवाद के नए विचारों से फ्रांस में एक पूर्ण परिवर्तन, प्रशासन, सेना, समाज और संस्कृति में परिवर्तन हुआ। फ्रांस ___________ बोनापार्ट के तहत एक गणतंत्र बन गया।**

**विकल्प:**

**(A) अमेरिकी, बिस्मार्क** **(B) फ्रांसीसी, नेपोलियन**

**(C) रूसी, लेनिन** **(D) फ्रांसीसी, बिस्मार्क**

**उत्तर -** (B) फ्रांसीसी, नेपोलियन

**प्रश्न 27 - दिए गए विकल्पों में से किसी एक की सहायता से निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए :**

**विश्व के कुल क्षेत्रफल का _________ भारत में है और ________अक्षांश देश के लगभग केन्द्र से होकर गुजरता है।**

**विकल्पः**

**(A) 4.42%, 33° 30' उत्तर** **(B) 4.24%, 33° 30' दक्षिण**

**(C) 2.42%, 23° 30' उत्तर** **(D) 2.42%, 23° 30' दक्षिण**

**उत्तर -** (C) 2.42% , 23° 30' उत्तर

**प्रश्न 28 - उपयुक्त शब्दों की सहायता से निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए :**

**मानसून शब्द अरबी शब्द ________ से लिया गया है जिसका अर्थ है ______ ।**

**उत्तर –** मौसिम , ऋतु।

**प्रश्न 29 - उपयुक्त शब्दों की सहायता से निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए :**

**विधान _______ एक स्थायी सदन है, और इसलिए यह भंग नहीं होता है। सदस्यों को ________ वर्ष की अवधि के लिए निर्वाचित/नामांकित किया जाता है।**

**उत्तर -** परिषद , 6 वर्ष

**प्रश्न 30 - रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(A) ___________ की प्रक्रिया के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जा सकता है।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(B) भारतीय संविधान की व्याख्या करने की अंतिम शक्ति ________ न्यायालय के पास है।**

**उत्तर - (A)** महाभियोग , **(B)** सर्वोच्च न्यायालय

**प्रश्न 31 - रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(A) ऐसी प्रथा जहां किसी व्यक्ति को बिना किसी भुगतान के सेवा करने के लिए मजबूर किया जाता है उसे __________ कहा जाता है।**

**(B) कोई भी विधेयक तब तक कानून नहीं बन सकता जब तक उस पर ___________ के हस्ताक्षर न हों।**

**उत्तर - (A)** बेगार , **(B)** राष्ट्रपति

**प्रश्न 32 - उपयुक्त शब्दों की सहायता से निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए :**

**उच्च न्यायालय के न्यायाधीश _________ वर्ष की आयु प्राप्त करने तक पद पर बने रहते हैं। हालाँकि, एक मुख्य न्यायाधीश या न्यायाधीश इस्तीफा दे सकते हैं। साबित कदाचार या अक्षमता के आधार पर एक न्यायाधीश को संसद द्वारा ____________ प्रक्रिया के माध्यम से पद से हटाया जा सकता है।**

**उत्तर -** 62 वर्ष , महाभियोग

**प्रश्न 33 - उपयुक्त शब्दों की सहायता से निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए :**

**राष्ट्रपति के त्यागपत्र देने, राष्ट्रपति को हटाने अथवा राष्ट्रपति की ____________ के कारण रिक्त हुए पद पर उपराष्ट्रपति _________ की भांति कार्य करता है।**

**उत्तर –** मृत्यु , राष्ट्रपति

**प्रश्न 34 - उपयुक्त शब्दों की सहायता से निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए :**

**प्रधान मंत्री __________ आयोग के साथ-साथ राष्ट्रीय विकास परिषद के पदेन अध्यक्ष हैं। वह _________ के प्रमुख के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है।**

**उत्तर -** योजना आयोग , सरकार

**प्रश्न 35 - वाक्यों पर सही या गलत पर निशान लगाएँ :**

**(A) क्षेत्रीय राजनीतिक दल क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उभरे हैं।**

**(B) वर्तमान समय में भारत में द्विदलीय व्यवस्था है।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर - (A)** सही , **(B)** गलत

# SECTION - B / खंड - ब

**प्रश्न 36 - जयन्तिया और गारो विद्रोह का संक्षेप में वर्णन कीजिए।**

**उत्तर -** जयन्तिया विद्रोह (1860-63) असम की जयन्तिया पहाड़ियों में ब्रिटिश करों और हस्तक्षेप के विरुद्ध राजा राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में हुआ। गारो विद्रोह (1860-70) मेघालय के गारो पहाड़ियों में ब्रिटिश भूमि कर और वन नीतियों के खिलाफ हुआ। दोनों विद्रोहों को ब्रिटिश ने दबाया, लेकिन इनसे आदिवासी असंतोष उजागर हुआ।

**प्रश्न 37 - 18वीं शताब्दी के दौरान कोयला खदानों में श्रमिक के रूप में बच्चों को प्राथमिकता क्यों दी गई? किन्हीं दो कारणों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** 18वीं शताब्दी में बच्चों को कोयला खदानों में प्राथमिकता देने के कारण :

1. बच्चों को कम मजदूरी पर रखा जा सकता था।
2. उनकी छोटी कद-काठी संकरी खदानों में काम के लिए उपयुक्त थी।

**OR / अथवा**

**'साम्राज्यवाद' के अर्थ को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - साम्राज्यवाद (Imperialism):** वह नीति है जिसमें एक शक्तिशाली देश कमजोर देशों पर आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक नियंत्रण स्थापित कर उनके संसाधनों (कच्चे माल, बाजार, सस्ते श्रम) का शोषण करता है, जैसा कि ब्रिटिश भारत में हुआ।

**प्रश्न 38 - यदि आप सड़क द्वारा गुजरात से असम जाना चाहते हैं तो पता करें कि आपको कम से कम कितने राज्यों को पार करना होगा ?**

**उत्तर -** सड़क द्वारा गुजरात से असम जाने के लिए हमें **NH-27 (राष्ट्रीय राजमार्ग 27)** का प्रयोग करना होगा। इस मार्ग से यात्रा करने पर हमें बीच में **5 राज्यों** को पार करना होगा।

ये राज्य पश्चिम से पूर्व के क्रम में इस प्रकार हैं :

1. राजस्थान
2. मध्य प्रदेश
3. उत्तर प्रदेश
4. बिहार
5. पश्चिम बंगाल

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

गुजरात → राजस्थान → मध्य प्रदेश → उत्तर प्रदेश → बिहार → पश्चिम बंगाल → असम

**प्रश्न 39 - उच्च न्यायालय में न्यायाधीश बनने के लिए कौन सी योग्यताएँ आवश्यक हैं? किन्हीं दो को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** उच्च न्यायालय में न्यायाधीश बनने के लिए दो योग्यताएं :

1. भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. कम से कम 10 वर्ष का न्यायिक सेवा अनुभव होना चाहिए।

**OR / अथवा**

**भारतीय संसद में 'अविश्वास प्रस्ताव' के महत्व को दो बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** अविश्वास प्रस्ताव के महत्व :

1. **संसदीय नियंत्रण :** यह सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने और उसे जनता के मुद्दों पर चर्चा के लिए बाध्य करने का एक शक्तिशाली साधन है।
2. **सरकार का इस्तीफा :** यदि यह प्रस्ताव पारित हो जाता है, तो प्रधानमंत्री सहित पूरी मंत्रिपरिषद को इस्तीफा देना पड़ता है।

**प्रश्न 40 - सिविल सोसायटी संगठनों को भारत में सामूहिक दबाव प्रणाली का एक नया रूप क्यों माना जाता है? किन्हीं दो कारणों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** सिविल सोसायटी संगठनों को सामूहिक दबाव प्रणाली का नया रूप मानने के कारण :

1. **समाज हित के कार्य :** ये संगठन केवल अपने फायदे के लिए नहीं, बल्कि समाज के गरीब और वंचित वर्गों के मुद्दों (जैसे पर्यावरण, मानवाधिकार) के लिए सरकार पर दबाव डालते हैं।
2. **दबाव के नए तरीके:** ये हड़ताल के बजाय जनहित याचिकाओं (PIL), जागरूकता अभियानों और सूचना के अधिकार जैसे नए लोकतांत्रिक तरीकों से सरकारी नीतियों को प्रभावित करते हैं।

**प्रश्न 41 - "विश्व में अलग-अलग मुद्राओं की क्रय शक्ति भिन्न होती हैं।" दो बिंदुओं में इस कथन की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** मुद्राओं की क्रय शक्ति भिन्नता :

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

1. हर देश में वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें अलग-अलग होती हैं। इसलिए एक ही राशि से किसी देश में अधिक वस्तुएँ खरीदी जा सकती हैं और दूसरे देश में कम, जिससे मुद्राओं की क्रय शक्ति भिन्न हो जाती है।

2. देश की औसत आय, महँगाई और जीवन-यापन की लागत भी मुद्रा की क्रय शक्ति को प्रभावित करती है। जहाँ जीवन-यापन सस्ता होता है, वहाँ मुद्रा की क्रय शक्ति अधिक होती है।

**OR / अथवा**

**"भारत में महिला सशक्तीकरण की दिशा में कई प्रमुख कदम उठाए गए हैं।" किन्हीं दो कदमों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** भारत में महिला सशक्तीकरण की दिशा में दो प्रमुख कदम :

1. **बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना:** इस योजना के माध्यम से बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया गया और महिलाओं के प्रति सामाजिक सोच में सुधार किया गया।

2. **पंचायती राज में 33% आरक्षण :** पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण देकर उन्हें निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया में राजनीतिक भागीदारी दी गई।

**प्रश्न 42 - द्वितीय विश्व युद्ध के किन्हीं तीन परिणामों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** द्वितीय विश्व युद्ध के तीन प्रमुख परिणाम :

1. **अत्यधिक जन-धन की हानि :** द्वितीय विश्व युद्ध में करोड़ों लोगों की मृत्यु हुई और अनेक देश भारी विनाश का शिकार हुए। शहर, उद्योग, यातायात साधन और कृषि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को गहरा नुकसान पहुँचा।

2. **संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) की स्थापना :** युद्ध की भयावहता से बचने और भविष्य में शांति बनाए रखने के लिए 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना की गई। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और सहयोग को बढ़ावा देना था।

3. **उपनिवेशवाद का पतन और स्वतंत्रता आंदोलन तेज होना :** युद्ध के बाद यूरोपीय शक्तियाँ आर्थिक और सैन्य रूप से कमजोर हो गईं। इससे एशिया और अफ्रीका के देशों में स्वतंत्रता आंदोलनों को बल मिला और अनेक उपनिवेश स्वतंत्र हुए।

**प्रश्न 43 - भारत में वर्षा के असमान वितरण के किन्हीं तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** भारत में वर्षा के असमान वितरण के तीन प्रमुख कारण :

1. **मानसूनी पवनों की दिशा और मार्ग :** दक्षिण-पश्चिम मानसून अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आता है। जिन क्षेत्रों में ये पवनें पहले टकराती हैं वहाँ अधिक वर्षा होती है, जबकि अन्य क्षेत्रों में वर्षा कम होती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

2. **पर्वतों की भूमिका (पर्वतीय बाधा) :** पश्चिमी घाट और हिमालय पर्वत मानसूनी पवनों को रोक लेते हैं। इसके कारण पवनों के सामने वाले भागों में अधिक वर्षा होती है और पीछे के भागों में वर्षा बहुत कम होती है।

3. **समुद्र से दूरी :** समुद्र के पास स्थित क्षेत्रों में अधिक नमी होने के कारण अधिक वर्षा होती है, जबकि आंतरिक और शुष्क क्षेत्रों में नमी कम होने से वर्षा कम होती है।

**OR / अथवा**

**भारत में केन्द्रीय उच्चभूमि की किन्हीं तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** केन्द्रीय उच्चभूमि की तीन प्रमुख विशेषताएँ :

1. **प्राचीन कठोर चट्टानों से निर्मित क्षेत्र :** केन्द्रीय उच्चभूमि प्राचीन आग्नेय और कायांतरित चट्टानों से बनी हुई है। यह क्षेत्र बहुत पुराने भूवैज्ञानिक काल का है, इसलिए यहाँ की भूमि कठोर और स्थिर मानी जाती है।

2. **भौगोलिक स्थिति और ढाल :** यह क्षेत्र नर्मदा नदी के उत्तर में स्थित है और इसका सामान्य ढाल दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर है, जिसके कारण इस क्षेत्र की नदियाँ (जैसे चंबल, बेतवा दक्षिण से उत्तर-पूर्व की दिशा में बहती हैं।

3. **खनिज संसाधनों से समृद्ध क्षेत्र :** केन्द्रीय उच्चभूमि में कोयला, लौह अयस्क, मैंगनीज और बॉक्साइट जैसे खनिज प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। यही कारण है कि यह क्षेत्र भारत के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**प्रश्न 44 - भारत में राज्यपाल की किन्ही 'तीन कार्यपालिका संबंधी शक्तियों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - राज्यपाल की तीन प्रमुख कार्यपालिका संबंधी शक्तियाँ :**

1. **मुख्यमंत्री की नियुक्ति:** राज्यपाल विधानसभा में बहुमत प्राप्त दल के नेता को मुख्यमंत्री नियुक्त करता है। मुख्यमंत्री की सलाह पर वह अन्य मंत्रियों की नियुक्ति भी करता है।

2. **मंत्रिपरिषद का संचालन:** राज्य की मंत्रिपरिषद राज्यपाल के नाम पर कार्य करती है। वह मंत्रिपरिषद से राज्य के प्रशासनिक कार्यों की जानकारी प्राप्त करता है और आवश्यकता होने पर परामर्श देता है।

3. **उच्च पदाधिकारियों की नियुक्ति:** राज्यपाल राज्य के महाधिवक्ता (Advocate General), राज्य लोक सेवा आयोग (SPSC) के अध्यक्ष तथा सदस्यों और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों (Vice-Chancellors) की नियुक्ति करता है।

**OR/ अथवा**

**भारत में राष्ट्रपति की किन्हीं तीन कार्यपालिका संबंधी शक्तियों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - भारत में राष्ट्रपति की तीन प्रमुख कार्यपालिका संबंधी शक्तियाँ :**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

1. **प्रधानमंत्री एवं मंत्रियों की नियुक्ति :** राष्ट्रपति लोकसभा में बहुमत प्राप्त दल के नेता को प्रधानमंत्री नियुक्त करता है तथा उसकी सलाह पर अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करता है।

2. **उच्च पदाधिकारियों की नियुक्तियाँ :** राष्ट्रपति भारत के मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों, महान्यायवादी, चुनाव आयुक्तों, राज्यपालों तथा अन्य उच्च पदाधिकारियों की नियुक्ति करता है।

3. **संसदीय शक्तियाँ :** राष्ट्रपति संसद के सत्र बुलाता है, स्थगित करता है और आवश्यकता पड़ने पर लोकसभा को भंग कर सकता है। इसके साथ ही संसद द्वारा पारित विधेयकों को कानून बनने के लिए राष्ट्रपति की स्वीकृति आवश्यक होती है।

**प्रश्न 45 - मानव विकास सूचकांक के तीन प्रमुख संकेतकों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - मानव विकास सूचकांक (HDI) के तीन प्रमुख संकेतक :**

1. **जीवन प्रत्याशा (स्वास्थ्य संकेतक) :** यह जन्म के समय औसत जीवन अवधि को दर्शाता है। इससे किसी देश में स्वास्थ्य सुविधाओं, पोषण स्तर और जीवन की गुणवत्ता का आकलन किया जाता है।

2. **शिक्षा स्तर (शैक्षिक संकेतक) :** इसमें औसत स्कूली शिक्षा के वर्ष और अपेक्षित स्कूली शिक्षा के वर्ष शामिल होते हैं। यह देश की साक्षरता और शैक्षिक विकास को दर्शाता है।

3. **प्रति व्यक्ति आय (आर्थिक संकेतक) :** यह क्रय शक्ति समता के आधार पर प्रति व्यक्ति आय को मापता है। इससे लोगों के जीवन स्तर और आर्थिक समृद्धि का पता चलता है।

**प्रश्न 46 - जातिवाद भारतीय लोकतंत्र के लिए किस प्रकार एक चुनौती है? किन्हीं तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - भारतीय लोकतंत्र के लिए एक चुनौती के रूप में जातिवाद :**

1. **मतदान का जातिगत आधार पर ध्रुवीकरण :** जातिवाद के कारण मतदाता योग्यता और नीतियों के बजाय जाति के आधार पर मतदान करते हैं, जिससे लोकतांत्रिक चेतना कमजोर होती है।

2. **समानता के सिद्धांत को क्षति :** जातिगत भेदभाव लोकतंत्र के समानता और सामाजिक न्याय के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध है, जिससे सामाजिक विभाजन बढ़ता है।

3. **नीति-निर्माण पर नकारात्मक प्रभाव :** कई बार नीतियाँ जनहित के बजाय जातिगत हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं, जिससे समावेशी विकास बाधित होता है।

**OR/ अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**राजनीति का अपराधीकरण भारतीय लोकतंत्र के लिए किस प्रकार एक चुनौती है? किन्हीं तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - राजनीति का अपराधीकरण भारतीय लोकतंत्र के लिए एक चुनौती :**

1. **लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता में कमी :** अपराधी पृष्ठभूमि वाले नेताओं की राजनीति में भागीदारी से संसद, सरकार और अन्य संस्थाओं की साख कम होती है, जिससे जनता का लोकतंत्र पर विश्वास कमजोर पड़ता है।

2. **कानून के शासन और सुशासन पर प्रभाव :** अपराधीकरण से भ्रष्टाचार और हिंसा बढ़ती है तथा कानून का निष्पक्ष पालन बाधित होता है। इससे न्याय प्रणाली कमजोर होती है और सुशासन प्रभावित होता है।

3. **नीति-निर्माण में जनहित की उपेक्षा :** नीतियाँ जनकल्याण के बजाय व्यक्तिगत या आपराधिक हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं, जिससे लोकतांत्रिक उद्देश्यों को नुकसान पहुँचता है।

**प्रश्न 47 - सार्वभौमिक साक्षरता (सबके लिए शिक्षा) के लिए किन्हीं तीन सुधारात्मक उपायों को सुझाइए।**

**उत्तर - सार्वभौमिक साक्षरता (सबके लिए शिक्षा) के सुधारात्मक उपाय :**

1. **निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रभावी क्रियान्वयन :** सरकार को 6–14 वर्ष आयु वर्ग के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा को सख्ती से लागू करना चाहिए ताकि कोई भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे।

2. **विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विकास :** ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में पर्याप्त विद्यालय, प्रशिक्षित शिक्षक, पुस्तकें, शौचालय और डिजिटल सुविधाएँ उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

3. **जागरूकता और प्रोत्साहन योजनाएँ :** मिड-डे मील, छात्रवृत्ति और जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए, जिससे नामांकन और उपस्थिति दोनों में वृद्धि हो।

**प्रश्न 48 - भारत के दिए गए रूपरेखा राजनीतिक मानचित्र पर भारत में परिवहन सुविधाओं से संबंधित निम्नलिखित चार स्थानों को A, B, C और D के रूप में चिह्नित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से इन स्थानों को पहचानें और उनके सही नाम लिखें।**


**(A) उत्तर-दक्षिण गलियारे का सबसे दक्षिणी टर्मिनल स्टेशन**

**(B) कर्नाटक में एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा**

**(C) पश्चिम बंगाल में एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा**

**(D) ओडिशा में एक प्रमुख बंदरगाह**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/




**उत्तर -**

**(A) कन्याकुमारी** (तमिलनाडु स्टेशन)

**(B) बेंगलुरु** (कैम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट)

**(C) कोलकाता** (नेताजी सुभाष चंद्र बोस एयरपोर्ट)

**(D) पारादीप** (बंदरगाह)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 49 - भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को उचित चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :**


**(A)** इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

**(B)** साबरमती नदी

**(C)** नीलगिरि पहाड़ियाँ

**(D)** स्वर्णिम चतुर्भुज का सबसे पश्चिमी टर्मिनल स्टेशन

**उत्तर -** निम्नलिखित को मानचित्र पर इस प्रकार दर्शाया गया है :




All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 50 - रूसी क्रांति के छः प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** 1917 की रूसी क्रांति आधुनिक विश्व इतिहास की एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण और निर्णायक घटना थी। इस क्रांति ने रूस में सदियों पुराने जारशाही शासन का अंत कर एक नई समाजवादी व्यवस्था की नींव रखी।

**रूसी क्रांति के छः प्रमुख कारण :**

1. **ज़ारशाही शासन की निरंकुशता :** रूस में ज़ार का शासन पूर्णतः निरंकुश और दमनकारी था। जनता को न तो राजनीतिक अधिकार प्राप्त थे और न ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, जिससे व्यापक असंतोष फैल गया।
2. **किसानों की दयनीय स्थिति :** रूस की अधिकांश जनसंख्या किसानों की थी, जो गरीबी, भारी करों और जमींदारों के शोषण से त्रस्त थी। भूमि सुधारों के अभाव ने किसानों में विद्रोह की भावना को जन्म दिया।
3. **औद्योगिक मजदूरों का शोषण :** कारखानों में मजदूरों से लंबे समय तक काम कराया जाता था, वेतन कम था और कार्य-परिस्थितियाँ असुरक्षित थीं। इससे मजदूर आंदोलनों को बल मिला।
4. **आर्थिक पिछड़ापन और महँगाई :** रूस आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ देश था। खाद्यान्न की कमी, बेरोज़गारी और बढ़ती महँगाई ने आम जनता के जीवन को अत्यंत कष्टप्रद बना दिया।
5. **प्रथम विश्व युद्ध का प्रभाव :** प्रथम विश्व युद्ध में रूस की लगातार हार, सैनिकों की भारी मृत्यु और आर्थिक संकट ने ज़ार सरकार की अक्षमता को उजागर कर दिया।
6. **समाजवादी विचारधाराओं का प्रभाव :** मार्क्सवादी विचारधारा और बोल्शेविक दल के नेता लेनिन ने जनता को संगठित कर क्रांति को स्पष्ट दिशा और नेतृत्व प्रदान किया।

**OR/ अथवा**

**रूस में समाजवादी आंदोलन और उसके प्रभावों को छः बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर -** रूस में समाजवादी आंदोलन 20वीं शताब्दी का एक महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक परिवर्तन था। यह आंदोलन ज़ारशाही शासन, सामाजिक असमानता और आर्थिक शोषण के विरुद्ध शुरू हुआ।

**रूस में समाजवादी आंदोलन के छः प्रमुख प्रभाव :**

1. **ज़ारशाही शासन का अंत :** समाजवादी आंदोलन के कारण रूस में सदियों पुराना निरंकुश ज़ारशाही शासन समाप्त हो गया। इससे रूस में राजनीतिक सत्ता का स्वरूप पूरी तरह बदल गया।
2. **समाजवादी सरकार की स्थापना :** 1917 की क्रांति के बाद बोल्शेविक दल के नेतृत्व में समाजवादी सरकार बनी, जिसने राज्य की नीतियों को समाजवादी सिद्धांतों के अनुरूप ढालने का प्रयास किया।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

3. **भूमि और उद्योगों का राष्ट्रीयकरण :** जमींदारों की भूमि तथा बड़े उद्योगों को राज्य के अधीन कर दिया गया। इससे निजी पूँजी के प्रभुत्व में कमी आई और आर्थिक संसाधनों का केंद्रीकरण हुआ।

4. **मजदूरों और किसानों की स्थिति में सुधार :** मजदूरों के कार्य समय को सीमित किया गया, वेतन और कार्य परिस्थितियों में सुधार हुआ। किसानों को भूमि संबंधी सुरक्षा प्रदान की गई।

5. **सामाजिक समानता और कल्याण का विस्तार :** शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसी सुविधाओं का विस्तार किया गया, जिससे समाज में समानता बढ़ी।

6. **अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव :** रूसी समाजवादी आंदोलन से विश्व के कई देशों में समाजवाद और साम्यवाद को वैचारिक प्रेरणा मिली, जिससे वैश्विक राजनीति प्रभावित हुई।

**प्रश्न 51 - भारतीय संविधान में वर्णित धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की छः बिन्दुओं में व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** भारत एक बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक देश देश है, जहाँ विभिन्न धर्मों के लोग रहते हैं। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म को मानने, अपनाने और प्रचार करने की स्वतंत्रता देता है। यह अधिकार अनुच्छेद 25 से 28 में वर्णित है।

**भारतीय संविधान में वर्णित धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार :**

1. **धर्म मानने, पालन करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 25) :** प्रत्येक नागरिक को अपनी इच्छा से किसी भी धर्म को मानने, उसका पालन करने और उसका प्रचार करने का अधिकार है, बशर्ते इससे सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य प्रभावित न हों।

2. **धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन का अधिकार (अनुच्छेद 26) :** हर धार्मिक समुदाय को अपने धार्मिक मामलों का प्रबंधन करने, धार्मिक संस्थाएँ स्थापित करने और अपनी संपत्ति का प्रशासन करने का अधिकार प्राप्त है।

3. **धार्मिक कर न लगाए जाने का अधिकार (अनुच्छेद 27) :** राज्य किसी भी नागरिक से ऐसा कर नहीं वसूल सकता जिसका उपयोग किसी विशेष धर्म के प्रचार या समर्थन के लिए किया जाए, जिससे धर्मनिरपेक्षता बनी रहती है।

4. **शैक्षणिक संस्थानों में धार्मिक स्वतंत्रता (अनुच्छेद 28) :** राज्य द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों में धार्मिक शिक्षा नहीं दी जा सकती, ताकि शिक्षा व्यवस्था धर्म से निरपेक्ष बनी रहे।

5. **अल्पसंख्यक धर्मों की सुरक्षा :** संविधान अल्पसंख्यक समुदायों को अपने धर्म, पूजा-पद्धति और धार्मिक परंपराओं की रक्षा करने का पूर्ण अधिकार देता है।

6. **धर्मनिरपेक्ष राज्य की भावना का संरक्षण :** धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बनाता है, जहाँ सभी धर्मों को समान सम्मान और संरक्षण प्राप्त है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**OR/ अथवा**

**भारतीय संविधान में वर्णित किन्हीं छः मौलिक कर्तव्यों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर -** भारतीय संविधान ने नागरिकों को न केवल अधिकार दिए हैं, बल्कि उनके कुछ कर्तव्य भी निर्धारित किए हैं, जिन्हें **मौलिक कर्तव्य** कहा जाता है। अनुच्छेद 51(क) के माध्यम से संविधान ने इन्हें नागरिकों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध किया है।

**छः प्रमुख मौलिक कर्तव्य :**

**1. संविधान, राष्ट्रीय प्रतीक और राष्ट्रगान का सम्मान :** हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह संविधान, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करे।

**2. स्वतंत्रता संग्राम और देशभक्ति के आदर्शों का पालन :** नागरिकों को स्वतंत्रता संग्राम के वीरों द्वारा स्थापित मूल्यों, उनके बलिदान और देशभक्ति के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।


**3. भारत की एकता और अखंडता की रक्षा :** प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखे।

**4. सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देना :** नागरिकों को जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना चाहिए।

**5. पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा :** हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह प्राकृतिक पर्यावरण, वन, नदियाँ, झीलें और जीव-जंतुओं की रक्षा करे।

**6. वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवतावाद और सुधार की भावना का विकास :** नागरिकों को अंधविश्वास से दूर रहकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। साथ ही मानवतावाद और सुधार की भावना को बढ़ावा देना चाहिए।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/


NIOS PYQ's
SOLUTIONS
PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS
OCTOBER-2025
Your Path to Success

# खंड - अ

**Q1. निम्नलिखित में से किस वर्ष गाँधीजी नमक कानून तोड़ने के लिए दांडी पहुँचे थे ?**

**(A) 1940**

**(B) 1930**

**(C) 1920**

**(D) 1910**

**उत्तर –** (B) 1930

**Q2. निम्नलिखित में से किसने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ खिलाफत आन्दोलन शुरू किया ?**

**(A) गाँधीजी और पं. जवाहरलाल नेहरू**

**(B) बाल गंगाधर तिलक और सरदार पटेल**

**(C) शौकत अली और मोहम्मद अली**

**(D) लाला लाजपत राय और बिपिनचन्द्र पाल**

**उत्तर –** (C) शौकत अली और मोहम्मद अली

**Q3. निम्नलिखित में से किस वर्ष गाँधीजी ने चौरी-चौरा घटना के बाद अपने असहयोग आंदोलन को स्थगित कर दिया ?**

**(A) 1932**

**(B) 1922**

**(C) 1942**

**(D) 1912**

**उत्तर –** (B) 1922

**Q4. निम्नलिखित में से भारत में 'साक्षरता मिशन' का मुख्य लक्ष्य कौन सा है ?**

**(A) अधिक स्कूल बनाना**

**(B) उच्च शिक्षा को बढ़ावा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) वयस्कों और बच्चों को शिक्षित करना**

**(D) शिक्षकों को प्रशिक्षित करना**

**उत्तर –** (C) वयस्कों और बच्चों को शिक्षित करना

**Q5. 1793 में लॉर्ड कॉर्नवालिस द्वारा 'स्थायी बंदोबस्त' कहाँ शुरू किया गया था ?**

**(A) बंगाल और बिहार**

**(B) हरियाणा और पंजाब**

**(C) राजस्थान और मध्य प्रदेश**

**(D) कर्नाटक और आन्ध्र प्रदेश**

**उत्तर –** (A) बंगाल और बिहार

**Q6. बाल-विवाह पर रोक लगाने के लिए निम्नलिखित में से किस वर्ष 'शारदा अधिनियम' पास किया गया था ?**

**(A) 1929**


**(B) 1939**

**(C) 1949**

**(D) 1959**

**उत्तर –** (A) 1929

**दिए गए मानचित्र का अध्ययन कीजिए और प्रश्न संख्या 7 से 10 तक का उत्तर दीजिए ।**




All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**Q7. मानचित्र में 'A' के रूप में चिह्नित पर्वत श्रृंखला की पहचान कीजिए ।**

**(A) जास्कर श्रेणी**

**(B) पीरपंजाल श्रेणी**

**(C) कराकोरम श्रेणी**

**(D) शिवालिक श्रेणी**

**उत्तर –** (C) कराकोरम श्रेणी

**Q8. मानचित्र में 'B' के रूप में चिह्नित पर्वत श्रृंखला की पहचान कीजिए ।**

**(A) जास्कर श्रेणी**

**(B) लद्दाख श्रेणी**

**(C) पीरपंजाल श्रेणी**

**(D) कराकोरम श्रेणी**

**उत्तर –** (A) जास्कर श्रेणी

**Q9. मानचित्र में 'C' के रूप में चिह्नित पर्वत शिखर की पहचान कीजिए ।**

**(A) कंचनजंगा**

**(B) माउंट एवरेस्ट**

**(C) मकालू**

**(D) अन्नपूर्णा**

**उत्तर –** (B) माउंट एवरेस्ट

**Q10. मानचित्र में 'D' के रूप में चिह्नित पर्वत शिखर की पहचान कीजिए ।**

**(A) कंचनजंगा**

**(B) नामचा बरवा**

**(C) नंदा देवी**

**(D) धौलागिरि**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर –** (A) कंचनजंगा

**Q11. निम्नलिखित में से किसने 1875 में 'आर्य समाज' की स्थापना की ?**

**(A) केशवचंद्र सेन**

**(B) स्वामी दयानंद सरस्वती**

**(C) स्वामी विवेकानंद**

**(D) बाल गंगाधर तिलक**

**उत्तर –** (B) स्वामी दयानंद सरस्वती

**Q12. निम्नलिखित में से कौन सी रेखा भारत को दो बराबर भागों में बाँटती है ?**

**(A) कर्क वृत्त**

**(B) मकर वृत्त**

**(C) प्रधान मध्याह्न**

**(D) अंटार्कटिक वृत्त**

**उत्तर –** (A) कर्क वृत्त

**Q13. पश्चिमी घाट का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर कौन सा है ?**

**(A) अनाईमुडी**

**(B) माकुर्ती**

**(C) डोडाबेटा**

**(D) महेन्द्रगिरि**

**उत्तर –** (A) अनाईमुडी

**Q14. निम्नलिखित में से कौन सी झील मालाबार के तट पर स्थित है ?**

**(A) चिल्का**

**(B) सांभर**

**(C) डल**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(D) विम्बनाद**

उत्तर – (D) विम्बनाद

**Q15. निम्नलिखित में से कौन सी नदी ब्रह्मपुत्र नदी की सहायक नदी नहीं है ?**

**(A) दिबांग**

**(B) कोसी**

**(C) लोहित**

**(D) मेघना**

उत्तर – (B) कोसी

**Q16. मानसून पवनों के दक्षिण-पश्चिम से आने के कारण निम्नलिखित में से किस राज्य में सर्वप्रथम वर्षा होगी ?**

**(A) तमिलनाडु**

**(B) कर्नाटक**

**(C) केरल**

**(D) महाराष्ट्र**

उत्तर – (C) केरल

**Q17. निम्नलिखित में से किस वर्ष में राष्ट्रीय स्तर पर भारत में गठबंधन सरकारों की शुरुआत हुई ?**

**(A) 1952**

**(B) 1989**

**(C) 1977**

**(D) 1967**

उत्तर – (C) 1977

**Q18. भारत किस दलीय प्रणाली का पालन करता है ?**

**(A) एक-दलीय प्रणाली**

**(B) द्वि-दलीय प्रणाली**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) बहु-दलीय प्रणाली**

**(D) कोई दलीय प्रणाली नहीं**

**उत्तर –** (C) बहु-दलीय प्रणाली

**Q19. निम्नलिखित में से साक्षरता का सही अर्थ क्या है ?**

**(A) अंग्रेजी बोलने की क्षमता**

**(B) पढ़ने और लिखने की क्षमता**

**(C) कम्प्यूटर चलाने की क्षमता**

**(D) गणित के प्रश्न हल करने की क्षमता**

**उत्तर –** (B) पढ़ने और लिखने की क्षमता

**Q20. निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने का एक महत्त्वपूर्ण कारक है ?**

**(A) शहरीकरण में तेजी**

**(B) कार्यक्रमों में देरी**

**(C) संरचनात्मक विकास**

**(D) एक-तरफा योजना**

**उत्तर –** (C) संरचनात्मक विकास

**Q21. निम्नलिखित वाक्य पूरा कीजिए :**

**सितम्बर, 1873 में _______ फूले ने अपने अनुयायियों के साथ _______ का गठन किया ।**

**उत्तर –** ज्योतिराव, सत्यशोधक समाज

**Q22. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(a) 1822 में अंग्रेजों ने उत्तर-पश्चिमी प्रान्तों, पंजाब, गंगा घाटी और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में _______ भू-राजस्व प्रणाली शुरू की।**

**उत्तर –** महालवाड़ी बंदोबस्त

**(b) सबसे पहली रेलवे लाइन रेड हिल में रेल रोड लाइन मद्रास में थी। इसे 1837 में _______ को ले जाने के लिए खोला गया।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर –** ग्रेनाइट पत्थर

**Q23. सही या गलत की पहचान कीजिए:**

**(a) जेम्स हरग्रीव्ज ने 'एक हाथ संचालित चरखा' (स्पिनिंग जेनी) का आविष्कार किया ।**

**उत्तर –** सही

**(b) लीग ऑफ नेशन्स 1936 में स्थापित पहला अंतर्राष्ट्रीय संगठन था जिसका मुख्यालय जिनेवा में था ।**

**उत्तर –** गलत

**कारण:** लीग ऑफ नेशन्स की स्थापना 1936 में नहीं, बल्कि 1920 में प्रथम विश्व युद्ध के बाद हुई थी।

**Q24. स्तंभ A का सही मिलान स्तंभ B से कीजिए ।**

| स्तंभ A (वैज्ञानिक) | स्तंभ B (खोज) |
|---|---|
| (a) सैमुअल क्रॉम्पटन | (i) इलेक्ट्रिक मोटर |
| (b) जॉन विल्किन्सन | (ii) स्पिनिंग म्यूल |
| (c) जॉर्ज स्टीफेंसन | (iii) ड्रिलिंग मशीन |
| (d) माइकल फैराडे | (iv) लोकोमोटिव इंजन |
| | (v) टेलीफोन |

**उत्तर –** (a) - (ii), (b) - (iii), (c) - (iv), (d) - (i)

**Q25. स्तंभ A का सही मिलान स्तंभ B से कीजिए ।**

| स्तंभ A (अहमदिया आन्दोलन आदि) | स्तंभ B (वर्ष) |
|---|---|
| (a) अहमदिया आन्दोलन | (i) 1856 |
| (b) मोहम्मदन साक्षरता सोसाइटी | (ii) 1875 |
| (c) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय | (iii) 1899 ❌ (1889) ✅ |
| (d) हिन्दू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम | (iv) 1863 |
| | (v) 1873 |

**उत्तर –** (a) - (iii) 1889, (b) - (iv), (c) - (ii), (d) - (i)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**Q26. दिये गये विकल्पों में से किसी एक की सहायता से निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए:**

**_______ के नेतृत्व में बोल्शेविक पार्टी ने _______ में सोवियत क्रांति का आयोजन किया।**

**विकल्प :**

**(A) बिस्मार्क, अक्टूबर 1920**

**(B) लेनिन, अक्टूबर 1917**

**(C) नेपोलियन, अक्टूबर 1922**

**(D) मार्क्स, अक्टूबर 1918**

**उत्तर –** (B) लेनिन, अक्टूबर 1917

**Q27. उपयुक्त शब्दों की सहायता से निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए :**

**भारत को मुख्यतः छः भौतिक भू-भागों उत्तरी हिमालय, उत्तरी मैदान, _______ , भारतीय रेगिस्तान, _______ और द्वीपसमूह में विभाजित किया जा सकता है।**

**उत्तर –** प्रायद्वीपीय पठार, तटीय मैदान

**Q28. उपयुक्त शब्दों की सहायता से निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए :**

**मानसून समान रूप से वितरित नहीं हैं। केरल, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे तटीय क्षेत्र _______ वर्षा प्राप्त करते हैं, जबकि हरियाणा, मध्य प्रदेश जैसे आंतरिक क्षेत्रों में _______ वर्षा प्राप्त होती है।**

**उत्तर –** भारी, कम

**Q29. उपयुक्त शब्दों की सहायता से निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए :**

**भारतीय संविधान हमारे मूलाधिकारों के संरक्षण के लिए कानूनी उपचार प्रदान करता है। इसे _______ का अधिकार कहा जाता है जो संविधान के अनुच्छेद _______ में दिया गया है।**

**उत्तर –** संवैधानिक उपचारों, 32

**Q30. उपयुक्त शब्दों की सहायता से निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए :**

**भारत में उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश तथा न्यायाधीशों की नियुक्ति _______ के द्वारा होती है। प्रत्येक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए राष्ट्रपति _______ के मुख्य न्यायाधीश की सलाह लेते हैं।**

**उत्तर –** राष्ट्रपति, सर्वोच्च न्यायालय

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**Q31. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(a) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश _______ की आयु तक अपने पद पर बने रहते हैं।**

**उत्तर –** 62 वर्ष

**(b) मंत्रिपरिषद के सदस्यों की नियुक्ति प्रधानमन्त्री की सलाह पर _______ द्वारा की जाती है।**

**उत्तर –** राष्ट्रपति

**Q32. उपयुक्त शब्दों की सहायता से निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए :**

**प्रधानमन्त्री की अध्यक्षता में _______ आपातकाल घोषित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राष्ट्रपति ऐसी घोषणा केवल तब ही कर सकता है जब _______ के नेतृत्व में मंत्रिपरिषद इस आशय का निर्णय लिखित रूप में उस तक पहुँचाती है।**

**उत्तर –** मन्त्रिपरिषद्, प्रधानमन्त्री

**Q33. उपयुक्त शब्दों की सहायता से निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए :**

**राष्ट्रपति का अप्रत्यक्ष चुनाव एक _______ द्वारा किया जाता है जिसमें संसद के दोनों सदनों के तथा राज्य विधान-सभाओं के _______ सदस्य सम्मिलित होते हैं।**

**उत्तर –** निर्वाचक मण्डल, निर्वाचित

**Q34. उपयुक्त शब्दों की सहायता से निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए :**

**_______ , राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को _______ प्रदान करता है।**

**उत्तर –** निर्वाचन आयोग, चुनाव चिह्न

**Q35. सही या गलत :**

**(a) राष्ट्रीय जनता दल का गठन 1997 में लालू प्रसाद यादव ने किया ।**

**उत्तर –** सही

**(b) शिवसेना तमिलनाडु राज्य की राजनीतिक पार्टी है।**

**उत्तर –** गलत

**कारण:** शिवसेना महाराष्ट्र की एक प्रमुख क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# खंड – ब

**Q36. 1857 के विद्रोह के एक सामाजिक और एक धार्मिक कारण को स्पष्ट कीजिए ।**

**उत्तर –** 1857 के विद्रोह का एक सामाजिक और एक धार्मिक कारण-

1. **सामाजिक कारण:** अंग्रेजों द्वारा विधवा पुनर्विवाह जैसे सामाजिक सुधार लागू किए, जिन्हें अनेक भारतीय अपनी परंपराओं में हस्तक्षेप मानते थे।
2. **धार्मिक कारण:** ईसाई मिशनरियों की गतिविधियों के कारण भारतीयों में धर्म परिवर्तन का भय उत्पन्न हो गया था।

**Q37. महात्मा गाँधी ने अगस्त, 1920 में असहयोग आन्दोलन क्यों प्रारम्भ किया ? स्पष्ट कीजिए ।**

**उत्तर –** महात्मा गाँधी ने अनुभव किया कि ब्रिटिश सरकार को सहयोग देने से भारतीयों को कोई लाभ नहीं हो रहा था। जलियांवाला बाग हत्याकांड पर सरकार द्वारा पश्चाताप न करने और तुर्की के प्रति उसकी नीति तथा सुधारों की अनदेखी से निराश होकर गाँधी ने अगस्त 1920 में असहयोग आंदोलन प्रारंभ किया।

**अथवा**

**साइमन कमीशन का भारतीयों ने बहिष्कार क्यों किया ? दो कारण बताओं ।**

**उत्तर –** भारतीयों द्वारा साइमन कमीशन के बहिष्कार के दो मुख्य कारण थे-

1. इस कमीशन में कोई भी भारतीय सदस्य शामिल नहीं था।
2. इसे "आल ह्वाइट कमीशन" (All White Commission) माना गया जो भारतीयों के संवैधानिक भविष्य का निर्णय बिना उनके प्रतिनिधित्व के करने आया था।

**Q38. रेलवे के घनत्व को प्रभावित करने वाले दो मुख्य कारकों की व्याख्या कीजिए ।**

**उत्तर –** रेलवे के घनत्व को प्रभावित करने वाले दो मुख्य कारक हैं-

1. **भौगोलिक स्थिति:** मैदानी क्षेत्रों में रेलवे निर्माण आसान होता है, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में कठिन।
2. **आर्थिक व औद्योगिक विकास:** उद्योगों तथा व्यापारिक गतिविधियों वाले क्षेत्रों में परिवहन की अधिक आवश्यकता होने से वहाँ रेलवे नेटवर्क का अधिक घनत्व पाया जाता है।

**Q39. स्वतंत्रता के अधिकार पर लगाये गये किन्हीं दो प्रतिबंधों का उल्लेख कीजिए ।**

**उत्तर –** स्वतंत्रता के अधिकार पर लगाए गये दो प्रतिबंध-

1. **देश की सुरक्षा:** विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भारत की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के हित में प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

2. **जनजातीय हित:** अनुसूचित जनजातियों के हितों के संरक्षण के लिए अबाध भ्रमण की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

**अथवा**

**शोषण के विरुद्ध अधिकार के किन्हीं दो प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए ।**

**उत्तर –** शोषण के विरुद्ध अधिकार के दो प्रमुख प्रावधान हैं-

1. **मानव दुर्व्यापार व बेगार पर रोक:** मानव का दुर्व्यापार, बेगार और किसी भी प्रकार का बलात श्रम निषिद्ध है और यह दंडनीय अपराध है।
2. **बाल श्रम पर प्रतिबंध:** 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को कारखाने, खान या अन्य जोखिम भरे कार्यों में नहीं लगाया जा सकता।

**Q40. भारतीय जनता पार्टी के किन्हीं दो प्रमुख उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए ।**

**उत्तर –** भारतीय जनता पार्टी (BJP) के दो प्रमुख उद्देश्य हैं-

1. **राष्ट्रीय एकता और सकारात्मक धर्मनिरपेक्षता:** यह पार्टी राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने और सकारात्मक धर्म निरपेक्षता का समर्थन करने के प्रति वचनबद्ध है।
2. **मूल्य-आधारित राजनीति:** यह दल लोकतंत्र, 'गांधीवादी समाजवाद' तथा मूल्य-आधारित राजनीति के सिद्धांतों पर कार्य करते हुए देश का विकास करना चाहता है।

**Q41. सकल घरेलू उत्पाद से आप क्या समझते हैं ?**

**उत्तर –** सकल घरेलू उत्पाद (GDP) राष्ट्रीय आय और किसी देश की अर्थव्यवस्था के कुल उत्पादन को मापने का एक प्रमुख कारक है। यह किसी दिए गए वर्ष में एक देश की भौगोलिक सीमाओं के भीतर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य होता है।

**अथवा**

**प्रति व्यक्ति आय का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।**

**उत्तर –** प्रति व्यक्ति आय देश के प्रत्येक नागरिक की औसत आय होती है। यह तब प्राप्त होती है जब देश की कुल वार्षिक राष्ट्रीय आय को कुल जनसंख्या से समान रूप से विभाजित किया जाता है। यह लोगों के जीवन स्तर को मापने का एक संकेतक है।

**Q42. भारत पर साम्राज्यवाद के किन्हीं तीन प्रभावों का उल्लेख कीजिए ।**

**उत्तर –** भारत पर ब्रिटिश साम्राज्यवाद के तीन प्रमुख प्रभाव हैं-

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

1. **कुटीर उद्योगों का पतन:** ब्रिटिश आर्थिक नीतियों के कारण भारत के पारंपरिक हस्तशिल्प और कुटीर उद्योग पूरी तरह नष्ट हो गए, जिससे लाखों शिल्पकार बेरोजगार हो गए।
2. **किसानों की दरिद्रता:** स्थायी बंदोबस्त जैसी नई भू-राजस्व नीतियों ने किसानों पर भारी कर थोप दिया, जिससे वे कर्ज और गरीबी में डूब गए।
3. **आधुनिक संरचना का विकास:** अपने व्यापारिक और प्रशासनिक लाभ के लिए अंग्रेजों ने भारत में रेलवे, सड़क, डाक-तार और अंग्रेजी शिक्षा की शुरुआत की।

**Q43. हिमालयी और प्रायद्वीपीय नदी प्रणाली के बीच कोई तीन अन्तर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर –** हिमालयी और प्रायद्वीपीय नदी प्रणालियों के बीच तीन मुख्य अंतर हैं-

| आधार | हिमालयी नदी प्रणाली | प्रायद्वीपीय नदी प्रणाली |
|---|---|---|
| **जल का स्रोत** | हिमनदों और वर्षा से जल प्राप्त करती हैं तथा बारहमासी होती हैं। | मुख्यतः वर्षा पर निर्भर होती हैं, इसलिए अधिकांश नदियाँ मौसमी होती हैं। |
| **उपयोगिता** | मैदानी क्षेत्रों से बहने के कारण सिंचाई के लिए अधिक उपयोगी हैं। | पठारी क्षेत्रों से बहने के कारण जलप्रपात बनाती हैं और पनबिजली के लिए उपयुक्त हैं। |
| **विसर्प निर्माण** | विसर्प बनाती हैं तथा अपना मार्ग बदलती रहती हैं। | सामान्यतः विसर्प नहीं बनातीं और अपना मार्ग नहीं बदलतीं। |

**अथवा**

**पश्चिमी घाट की किन्हीं तीन प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर –** पश्चिमी घाट की तीन प्रमुख विशेषताएँ-

1. **विस्तार:** ये दक्कन के पठार के पश्चिमी किनारे पर अरब सागर के तट के समानांतर लगभग 1600 किलोमीटर की लंबाई में फैले हुए हैं।
2. **ऊंचाई और चोटी:** इनकी औसत ऊंचाई 1000 मीटर है, और इस क्षेत्र की सबसे ऊँची चोटी 'अनाईमुदी' (2695 मीटर) है।
3. **निरंतरता:** ये पर्वत अत्यंत निरंतर हैं और इन्हें पार करने के लिए केवल कुछ प्रमुख दर्रों जैसे पाल घाट, थालघाट और भोरघाट का ही उपयोग किया जा सकता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**Q44. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में कितनी स्वतन्त्रताएँ प्रदान की गयी हैं? किन्हीं तीन का वर्णन कीजिए ।**

**उत्तर –** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 के अंतर्गत नागरिकों को कुल छः स्वतंत्रताएँ प्रदान की गई हैं। इनमें से तीन प्रमुख हैं-

1. **विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता:** नागरिकों को अपने विचार खुलकर व्यक्त करने का अधिकार है।
2. **अबाध भ्रमण की स्वतंत्रता:** कोई भी नागरिक भारत के राज्यक्षेत्र में कहीं भी बिना रोक-टोक के स्वतंत्र रूप से आ-जा सकता है।
3. **वृत्ति या व्यापार की स्वतंत्रता:** नागरिकों को अपनी आजीविका कमाने के लिए कोई भी वैध व्यापार या कारोबार करने की पूर्ण स्वतंत्रता है।

**अथवा**

**भारतीय संविधान द्वारा भारतीय नागरिकों को कितने मौलिक अधिकार प्रदान किए गये हैं ? किन्हीं तीन का वर्णन कीजिए ।**

**उत्तर –** भारतीय संविधान द्वारा नागरिकों को कुल छः मौलिक अधिकार प्रदान किए गए हैं। तीन मौलिक अधिकार हैं-

1. **समानता का अधिकार:** यह सुनिश्चित करता है कि कानून के समक्ष सभी समान हैं और धर्म, जाति या लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा।
2. **स्वतंत्रता का अधिकार:** यह नागरिकों को विचार अभिव्यक्ति, अबाध भ्रमण और शांतिपूर्ण सभा जैसी स्वतंत्रताएं देता है।
3. **शोषण के विरुद्ध अधिकार:** यह मानव व्यापार, बेगार और बच्चों को जोखिम भरे कारखानों में काम कराने पर रोक लगाता है।

**Q45. भारत में राजनीतिक दलों के सामने आने वाली किन्हीं तीन चुनौतियों की व्याख्या कीजिए ।**

**उत्तर –** भारत में राजनीतिक दलों के सामने तीन प्रमुख चुनौतियाँ हैं-

1. **विचारधारा का पतन:** गठबंधन की राजनीति के दौर में राजनीतिक दलों के मूल आदर्शों का महत्त्व घट गया है। अब केवल सत्ता प्राप्ति ही उनका मुख्य लक्ष्य बन गया है।
2. **अल्पकालिक लाभ की प्रवृत्ति:** अधिकांश दल दीर्घकालिक नीतियों की बजाय जाति और भावनाओं पर आधारित चुनावी लाभ पर केंद्रित रहते हैं।
3. **राजनीति का अपराधीकरण:** वे कई बार चुनाव जीतने के लिए दलों द्वारा आपराधिक तत्वों और धनबल का सहारा भी लेते है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**Q46. भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए कोई तीन सुझाव दीजिए ।**

**उत्तर –** भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए तीन प्रमुख सुझाव हैं-

1. **सार्वभौमिक साक्षरता:** सबको शिक्षा तक पहुँच प्रदान कर नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाया जाए।
2. **गरीबी और बेरोजगारी उन्मूलन:** रोजगार सृजन (जैसे मनरेगा) से आर्थिक असमानता दूर की जाए ताकि हर वर्ग विकास में भागीदार बने।
3. **भ्रष्टाचार व अपराधीकरण की समाप्ति:** प्रशासनिक और न्यायिक सुधार लागू करके राजनीति को आपराधिक तत्वों से मुक्त किया जाए।

**अथवा**

**महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कोई तीन सुझाव दीजिए ।**

**उत्तर –** महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए तीन महत्वपूर्ण सुझाव हैं-


1. **आर्थिक सशक्तिकरण**: महिलाओं को कृषि और उद्योगों में रोजगार के समान अवसर, कौशल विकास और कार्यस्थल पर सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए।
2. **सामाजिक सशक्तिकरण:** शिक्षा में भेदभाव समाप्त कर बालिकाओं की उच्च शिक्षा तक पहुँच बढ़ाई जाए और घरेलू हिंसा के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।
3. **राजनीतिक सशक्तिकरण:** स्थानीय निकायों की तरह ही लोकसभा और विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाएं।

**Q47. भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य योजना क्यों लागू की गयी ? स्पष्ट कीजिए ।**

**उत्तर –** भारत में चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में भारी असमानता रही है। अधिकांश बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ और अस्पताल केवल बड़े शहरों और नगरों तक ही सीमित रहे, जिससे ग्रामीण आबादी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह जाती थी। देश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में इसी भारी चुनौती को दूर करने, स्वास्थ्य के बुनियादी ढाँचे को मजबूत बनाने और हर ग्रामीण नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएँ पहुँचाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य योजना (NRHM)' लागू की गई।

**Q48. भारत के दिये गये राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर भारत में परिवहन सुविधाओं से संबंधित निम्नलिखित चार स्थानों को A, B, C और D के रूप में चिह्नित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से इन स्थानों को पहचाने और उत्तर-पुस्तिका में उनके सही नाम लिखिए ।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/




**(A) उत्तर-दक्षिण गलियारे का सबसे उत्तर का टर्मिनल स्टेशन**

**उत्तर –** श्रीनगर

**(B) स्वर्णिम चतुर्भुज का सबसे पूर्व का टर्मिनल स्टेशन**

**उत्तर –** कोलकाता (मानचित्र पर गलत चिह्नित किया गया है।)

**(C) पश्चिम बंगाल में स्थित एक अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा**

**उत्तर –** नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (कोलकाता)

**(D) ओडिशा में स्थित एक प्रमुख बन्दरगाह**

**उत्तर –** पाराद्वीप

**Q49. भारत के दिये गये राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :**

**(A) राजीव गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा**

**उत्तर –** हैदराबाद

**(B) आन्ध्र प्रदेश में स्थित एक प्रमुख बन्दरगाह**

**उत्तर –** विशाखापत्तनम

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) विन्ध्याचल पर्वत**

**उत्तर –** विंध्य (मध्य प्रदेश क्षेत्र में)

**(D) स्वर्णिम चतुर्भुज का सबसे पश्चिम का टर्मिनल स्टेशन**

**उत्तर –** मुंबई

**Q50. सामाजिक-धार्मिक सुधार आन्दोलनों ने किस प्रकार भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन का नेतृत्व किया ? किन्हीं छः बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए ।**

**उत्तर –** सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलनों ने भारतीयों में राष्ट्रीय चेतना, आत्मविश्वास तथा एकता की भावना विकसित करके भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व किया। इसके प्रमुख योगदान निम्नलिखित हैं–

1. उन्होंने अतीत के गौरव का स्मरण कराकर भारतीयों में आत्मविश्वास और स्वाभिमान की भावना जागृत की।
2. उन्होंने जातिवाद, छुआछूत तथा अन्य सामाजिक कुरीतियों का विरोध कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया।
3. उन्होंने देशभक्ति और मातृभूमि-प्रेम की भावना को प्रोत्साहित किया।
4. उन्होंने आधुनिक एवं वैज्ञानिक शिक्षा के प्रसार से राजनीतिक चेतना विकसित की।
5. उन्होंने महिला शिक्षा और सामाजिक सुधारों के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई।
6. उन्होंने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के विचार को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय आंदोलन को नई दिशा प्रदान की।

**अथवा**

**मुसलमानों में अंग्रेजी की शिक्षा किसने शुरू की ? इस क्षेत्र में उनके योगदान को छः बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए ।**

**उत्तर –** भारत में मुसलमानों के बीच अंग्रेजी और आधुनिक शिक्षा की शुरुआत मुख्य रूप से सर सैयद अहमद खान ने की थी। उनके छः प्रमुख योगदान निम्नलिखित हैं-

1. उन्होंने मुसलमानों को आधुनिक अंग्रेजी और वैज्ञानिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।
2. उन्होंने 1864 में गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) में एक अंग्रेजी स्कूल की स्थापना की।
3. उन्होंने 1875 में अलीगढ़ में मोहम्मदन एंग्लो ओरिएंटल (एम.ए.ओ.) कॉलेज स्थापित किया।
4. यही एम.ए.ओ. कॉलेज बाद में विकसित होकर 'अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय' बना।
5. उन्होंने पश्चिमी वैज्ञानिक और अंग्रेजी पुस्तकों का अनुवाद कराने के लिए एक 'साइंटिफिक सोसाइटी' बनाई।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

6. पत्रिकाओं के माध्यम से उन्होंने मुसलमानों में शिक्षा और सामाजिक सुधारों के प्रति जागरूकता फैलाई, जो 'अलीगढ़ आंदोलन' कहलाया।

**Q51. भारत में राजनीतिक दलों के किन्हीं छः कार्यों की व्याख्या कीजिए ।**

**उत्तर –** लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दल बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत में राजनीतिक दलों के छः प्रमुख कार्य हैं-

1. वें चुनावों के दौरान अपने उम्मीदवारों का नामांकन करते हैं और उनके समर्थन के लिए प्रचार करते हैं।
2. वे चुनावी घोषणा-पत्र के माध्यम से अपने उद्देश्य और नीतियां मतदाताओं के समक्ष रखते हैं।
3. चुनाव में बहुमत प्राप्त करने वाला दल सरकार बनाता है और देश का प्रशासन चलाता है।
4. जो दल सत्ता में नहीं आ पाते, वे विपक्ष बनाते हैं और सरकार की नीतियों पर लगातार नजर रखते हुए जवाबदेही तय करते हैं।
5. ये दल प्रेस, रैलियों और भाषणों के माध्यम से जनता को देश की समस्याओं के प्रति शिक्षित करते हैं और जनमत को दिशा देते हैं।
6. ये जनता की समस्याओं को समझकर उन्हें सरकार के समक्ष रखते हैं।

**अथवा**

**सिविल सोसाइटी संगठन क्या हैं ? भारत के किन्हीं चार समकालीन सिविल सोसाइटी संगठनों के नाम लिखिए ।**

**उत्तर –** 'सिविल सोसाइटी संगठन' (CSO) वे स्वतंत्र संगठन हैं जिनकी स्थापना देश के आम नागरिकों द्वारा विशेष सामाजिक हितों को पूरा करने और जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए की जाती है। ये राज्य और व्यक्ति के बीच एक कड़ी का कार्य करते हैं। ये पर्यावरण सुरक्षा, मानवाधिकार, भ्रष्टाचार और महिला सशक्तिकरण जैसे गंभीर विषयों पर सरकार पर दबाव बनाते हैं ताकि नीतियों में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके।

**भारत के चार प्रमुख समकालीन सिविल सोसाइटी संगठन हैं-**

1. मजदूर किसान शक्ति संगठन (MKSS) - अरुणा रॉय द्वारा संचालित।
2. स्वनियोजित महिला संगठन (SEWA) - इला भट्ट द्वारा संचालित।
3. नर्मदा बचाओ आंदोलन - मेघा पाटकर द्वारा संचालित।
4. पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (PUCL)।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success